**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–30.01.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **संसद का बजट सत्र कल से होगा शुरु, सत्र के सुचारु संचालन के लिए आज आयोजित हुई सर्वदलीय बैठक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद को कल करेंगी संबोधित, पेश होगा आर्थिक सर्वेक्षण।**
- **श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने महाकुंभ भगदड़ में झारखंड के दो मृतकों के परिवारों को की आर्थिक मदद देने की घोषणा।**
- **भाजपा संगठन महापर्व के तहत रांची में कार्यशाला आयोजित, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा हुए शामिल।**
- **चतरा पुलिस को उग्रवाद उन्मूलन अभियान में मिली बड़ी सफलता, उग्रवादियों के लिए काम करने वाले तीन लोग हथियार समेत गिरफ्तार।**
- **खूंटी में कल से तीन दिवसीय हॉकी प्रशिक्षण की होगी शुरुआत, नीदरलैंड की नेशनल टीम से खूंटी सिमडेगा के बच्चे सीखेंगे तकनीकी बारीकियां।**

******************

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। इससे पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई और सभी दलों से सहयोग की अपील की गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहले दिन संसद को संबोधित करेंगी। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा, और एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश होगा। सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर 13 फरवरी तक चर्चा होगी। इस दौरान 16 विधेयक और 19 कार्य सूचीबद्ध हैं।

******************

संसद के बजट–सत्र की पूर्व संध्या पर आज आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग हिन्दी में संसद के समक्ष मुद्दे और अंग्रेजी में इश्यूज बिफोर पार्लियामेंट नामक विशेष चर्चा प्रसारित करेगा। कार्यक्रम संसद के समक्ष मुद्दे एक सौ दशमलव एक मेगाहर्ट्ज आकाशवाणी गोल्ड और अतिरिक्त मीटरों पर आज रात साढे नौ बजे से सुना जा सकता है। कार्यक्रम इश्यूज बिफोर पार्लियामेंट अंग्रेजी में 102 दशमलव छह मेगाहर्ट्ज आकाशवाणी रेनबो और अतिरिक्त मीटरों पर इसी समय रात साढे नौ बजे से सुना जा सकेगा। यह कार्यक्रम हमारे यू ट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर ऑफिशियल पर भी सुना जा सकता है।

******************

महाकुंभ भगदड़ में हुई मौत पर राज्य के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव और राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने दुःख व्यक्त किया, साथ ही पीड़ित परिवारों को 51–51 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। उन्होंने केंद्र सरकार से सभी 30 मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ रुपए और सरकारी नौकरी की मांग की। साथ ही इस घटना की न्यायिक जांच की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इधर दुमका जिले की देवंती देवी और संतोष मंडल महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में गुम हो गए हैं। दोनों के परिजन उनकी तलाश के लिए प्रयागराज रवाना हो गए हैं।

******************

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र को 4 फरवरी तक वाहन मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। इधर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कल मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं के लिए पूरी रात 364 ट्रेनें लगातार चलाई गयीं।

******************

रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज संगठन महापर्व के तहत कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत एक महीने में 10 लाख प्राथमिक और 6 हजार सक्रिय सदस्य बनाए गए हैं।

******************

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूरे होने पर लोहरदगा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने आठ मेधावी छात्राओं को टैब और 15 नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में बाल विवाह और कन्या भ्रूण–हत्या की रोकथाम के साथ बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा पर जोर दिया गया।

इधर सरायकेला में **बेटी बचाओ– सृष्टि बचाओ** अभियान के तहत जिला कार्यक्रम समन्वयक अर्चना तिग्गा के नेतृत्व में सदर अस्पताल से जागरूकता रैली निकाली गई।

******************

उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तीन लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडे ने बताया कि गिरफ्तार लोग टीएसपीसी संगठन के लिए काम करते थे।

******************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में सहायक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर कहा कि केवल झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा–जेटेट पास अभ्यर्थी ही इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। इसके विपरीत, केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा–सीटेट पास अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे।

******************

रांची के जैप वन ग्राउंड में पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, आर के मलिक का विदाई समारोह और परेड आयोजित की गई। सेवानिवृत्त हो रहे श्री मलिक ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान से विभाग की छवि बनती है। उन्होंने अपनी लंबी सेवा के दौरान पुलिस मुख्यालय से मीडिया के साथ किए गए सहयोग को याद किया।

******************

खूंटी जिले में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक तीन दिवसीय हॉकी प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें नीदरलैंड के कोच खूंटी, सिमडेगा और गुमला के बच्चों को उच्च स्तरीय हॉकी तकनीक सिखाएंगे। मौके पर सीनी टाटा ट्रस्ट के कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश राणा ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उनके ट्रस्ट ने 10,000 बच्चों को हॉकी के गुर सिखाए हैं, और अब फ्रेंडली मैच के दौरान बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोचिंग मिलेगी।

*******समाप्त*******